भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर
Indian Institute of Technology Bhubaneswar

Press Release

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर में हिंदी पखवाड़ा-2026 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का सफल आयोजन

भुवनेश्वर, 1 नवंबर 2026: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर के राजभाषा एकक द्वारा आयोजित हिंदी पखवाड़ा-2026 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को संस्थान के प्रशासनिक भवन स्थित सीनेट हॉल में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के माननीय निदेशक प्रो. श्रीपाद करमलकर ने की। इस अवसर पर संस्थान के माननीय कुलसचिव श्री बामदेव आचार्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

हिंदी पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत राजभाषा एकक द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार तथा राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हिंदी भाषी एवं हिंदीतर भाषी समूहों के लिए कुल छह प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त, संस्थान के विद्यार्थियों के लिए चार प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। हिंदी के प्रति विद्यार्थियों की रुचि एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केंद्रीय विद्यालय, आईआईटी भुवनेश्वर के विद्यार्थियों के लिए भी हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

समारोह के दौरान हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 67 प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का संचालन राजभाषा एकक के प्रभारी प्राध्यापक डॉ. अभिजित कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के समन्वयन का दायित्व श्री हेमन्त कुमार यादव, हिंदी अनुवादक द्वारा निभाया गया।

हिंदी पखवाड़ा-2026 का आयोजन संस्थान में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, हिंदी में सृजनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने तथा राजभाषा कार्यान्वयन को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में हुआ।
